# चुनरिया माता की | By Tripti Shakya |

ये चुनरी जब पहुँची अयोध्या
बोलो किसने ओढ़ी
सीता माँ ने ओढ़ी हाय
सीता माँ ने ओढ़ी
मेरे रामा की मन भाए चुनरिया माता की
हवा में उड़ती जाए चुनरिया माता की

ये चुनरी जब पहुँची वृंदावन
राधा जी ने ओढ़ी हाय
राधा जी ने ओढ़ी
मेरे कान्हा के मन भाए चुनरिया माता की
हवा में उड़ती जाए चुनरिया माता की

ये चुनरी जब कैलाश पहुँची
बोलो किसने ओढ़ी
गौरा माँ ने ओढ़ी हाय
गौरा माँ ने ओढ़ी
मेरे शंकर के मन भाए चुनरिया माता की
हवा में उड़ती जाए चुनरिया माता की

ये चुनरी ब्याह मंडप जो पहुँची
बोलो किसने ओढ़ी
दुल्हनिया ने ओढ़ी हाय
दुल्हनिया ने ओढ़ी
दूल्हे राजा के मन भाए चुनरिया माता की
हवा में उड़ती जाए चुनरिया माता की

ये चुनरी जागराते जो पहुँची
बोलो किसने ओढ़ी
भक्तों ने है ओढ़ी हाय
भक्तों ने है ओढ़ी
सबके मन तो भाए चुनरिया माता की
हवा में उड़ती जाए चुनरिया माता की

हवा में उड़ती जाए चुनरिया माता की
लहर लहर लहराए चुनरिया
लहर लहर लहराए चुनरिया माता की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-tripti-shakya/